भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1746
10 फरवरी, 2026 को उत्तर के लिए

इस्पात मंत्रालय में रिक्तियां

1746. डॉ. शर्मिला सरकारः

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस्पात मंत्रालय में वर्तमान में स्वीकृत पदों की संख्या और सभी श्रेणियों में आरक्षित पदों सहित रिक्तियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2014 से मंत्रालय और विभाग में आरक्षित पदों सहित रिक्तियों की संख्या का वर्ष-वार और श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्ष 2014 से अब तक नियुक्त किए गए संविदा कर्मचारियों की संख्या का वर्ष-वार और श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)

(क) इस्पात मंत्रालय में सभी श्रेणियों के आरक्षित पदों सहित स्वीकृत पद, मौजूदा पद और रिक्त पदों की संख्या निम्नानुसार है:-

स्वीकृत पद	**मौजूदा पद**	**रिक्ति**	**श्रेणीवार मौजूदा पद (आरक्षित पद)**				
			अ.पि.व.	**अ.जा.**	**अ.ज.जा.**	**ईडबल्यूएस**	**दिव्यांग**
244	185	59	45	39	11	4	5

(ख) वर्ष 2014 से मंत्रालय में रिक्त पदों के संबंध में, विभिन्न ग्रेड में रिक्त पदों का होना और उन्हें भरना एक निरंतर प्रक्रिया है। इस मंत्रालय द्वारा संबंधित संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी को सूचित किए गए रिक्त पदों को भारत सरकार के आरक्षण मानक/दिशानिर्देशों के अनुसार भरा जाता है।

(ग) कार्य की आवश्यकता के अनुसार मंत्रालय में समय-समय पर संविदा कर्मचारियों को रखा जाता है।

******